Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 26-02-2007

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

>

Title: Need to start developmental works in Patna and Bodhgaya under Jawahar Lal Nehru Urban Renewal Mission-laid.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : अध्यक्ष महोदय, जवाहरलाल नेहरू राट्रीय शहरी नवीकृत मिशन के अंतर्गत शामिल पटना और बोधगया के विकास के लिए आज तक कोई कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। वैसे ही बिहार पिछड़ा प्रदेश है और पटना शहर की समस्याएं तो विकराल रूप लेती जा रही है। शहर की आबादी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। आबादी के अनुसार किसी भी तरह का विकास कार्य पटना में नगण्य है। पहले से ही सीवर, पेयजल, रोड़, नाली, बिजली, कूड़ा कचरा की समस्या है उसके लिए किसी भी तरह का कोई कार्यक्रम सरकार के पास नहीं है। उक्त योजना के तहत चयन होने पर पटना के वासियों को कुछ आशा की किरण दिखाई देने लगी थी कि यह केन्द्र सरकार की योजना है और इससे उनके समस्याओं का शायद निदान हो जाएगा। वह भी अब अधर में लटकती जा रही है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय शहरी विकास मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकृट करना चाहता हूं और निवेदन करता हूं कि पटना और बोधगया के लिए विशो ध्यान देकर वहां आ रही बाधाओं को दूर करें तथा उक्त योजना तहत अविलंब विकास कार्य प्रारंभ करने के लिए समुचित व्यवस्था करने की कृपा करें।